आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 04.08.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- रुद्रप्रयाग जिले की केदारघाटी में राहत और बचाव अभियान चौथे दिन भी जारी, अबतक 9 हजार से अधिक श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को सकुशल रेस्क्यू किया गया।
- केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सड़कों का विस्तार तेजी से किया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत पौधारोपण किया।
- भारतीय हॉकी टीम ने ग्रेट ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4–2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

राहत और बचाव अभियान

रुद्रप्रयाग जिले में केदारघाटी के विभिन्न पड़ावों पर आज चौथे दिन भी राहत और बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी रहा। अब तक 9 हजार से अधिक श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। यात्रा मार्ग पर फंसे हुए यात्रियों को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, पुलिस और जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रहे हैं। इस दौरान संवेदनशील स्थानों से सेना और निजी हेलीकॉप्टर की सहायता से श्रद्धालुओं को एयर लिफ्ट किया जा रहा है। साथ ही सर्च अभियान सेना के दो स्निफर डॉग यात्रा मार्ग पर लगाए गये हैं। वहीं, सेना की मदद से सोनप्रयाग से गौरीकुण्ड को जोड़ने के लिए वैकल्पिक पुल का निर्माण किया जा रहा है। उधर, जिला प्रशासन बेजुबान जानवरों के लिए भी संवेदनशीलता के साथ लगातार कार्य कर रहा है। पशु चिकित्सा विभाग की ओर से यात्रा मार्गों पर फंसे हुए घोड़े खच्चरों के लिए साढ़े चार टन चारा अब तक चीरबासा हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुंचाया जा चुका है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष रावत के अनुसार गौरीकुंड क्षेत्र के पशु पालक और घोड़े खच्चर संचालक अपने पशुओं का लाइसेंस या अन्य प्रपत्र दिखाकर पशु आहार प्राप्त कर सकते हैं।

केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नीतिन गड़करी के नेतृत्व में देश में सड़कों का विस्तार तेजी से किया जा रहा है। आज देहरादून में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री टम्टा ने कहा कि उत्तराखंड में चल रहे विकास कार्यों और समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार प्रयासरत है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राजधानी देहरादून से दिल्ली की दूर आने वाले समय में दो घंटे में पूरी की जा सकेगी।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान ऋषिकेश में लगने वाले जाम से निपटने के लिए सरकार ने 18 किलोमीटर लंबी टनल की स्वीकृति देने जा रही है।

नियुक्ति

राज्य सरकार ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में विभिन्न संकायों की तीन फैकल्टी और दो मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। इससे छात्रों और मरीजों को लाभ मिलेगा। प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी को दूर करने के प्रयास राज्य सरकार की ओर से लगातार किये जा रहे हैं। सभी अभ्यथियों का चयन हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में गठित साक्षात्कार समिति ने साक्षाकात्कार के माध्यम से किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को संविदा के आधार पर मेडिकल कॉलेज में नियुक्ति प्रदान की गई है।

सैनिक स्कूल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के साथ ही माताओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना भी पैदा करता है। सैनिक स्कूल की ओर से कहा गया कि मुख्यमंत्री के दौरे और पौधारोपण अभियान में भागीदारी से सैनिक स्कूल घोड़ाखाल समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिली है।

इस बीच, मुख्यमंत्री ने नैनीताल के गोलज्यू महाराज मंदिर परिसर में भी पौधारोपण किया।

राखियां

सीमा पर तैनात देश के जवानों के लिए बागेश्वर में रेडक्रॉस सोसायटी के स्वयंसेवक राखियां बना रहे हैं। ये राखियां रानीखेत के सेना अधिकारियों की मदद से बॉर्डर पर तैनात जवानों को भेजी जाएंगी। रेडक्रॉस के सचिव आलोक पांडे ने बताया कि बार्डर में तैनात जवानों के लिए रेडक्रॉस सोसायटी हर साल राखियां भेजती है।

बीएड प्रवेश परीक्षा

प्रदेश के तीन विश्वविद्यालय से संबद्ध 120 राजकीय सहायता प्राप्त और स्व वित्तपोषित बीएड कालेज की करीब 7 हजार 4 सौ सीट के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिन अभ्यर्थियों ने 9 जून को संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा दी थी उन्हें पांच अगस्त तक काउंसलिंग के लिए पंजीकरण कराना होगा। 6 से 10 अगस्त तक सीट काउंसिलिंग होगी। 11 से 12 अगस्त तक सीट आवंटित की जाएगी। 16 से 23 अगस्त तक छात्र आवंटित संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं।

ऑनलाइन पंजीकरण

चंपावत जिला अस्पताल में जल्द ही मरीजों को ऑनलाइन पंजीकरण कराने की सुविधा मिलेगी। जिसके लिए वेबसाइट बनाने का कार्य चल रहा है। चम्पावत जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर पीएस खोलिया ने बताया कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन 4 सौ से 5 सौ मरीज आते हैं जिस कारण पर्ची काउंटर में लंबी भीड़ लगती है। उन्होंने कहा कि भीड़ को कम करने के लिए अब ऑनलाइन पर्ची व्यवस्था लागू की जा रही है, ताकि मरीज घर से ही पंजीकरण करा सके।

## मौसम

मौसम विभाग ने आठ अगस्त तक देहरादून, चमोली सहित राज्य के अन्य जिलों में कहीं–कहीं बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि इस दौरान राज्य में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना है, जबकि 6 और 7 अगस्त को कहीं–कहीं ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उधर, उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री धाम में भागीरथी नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिसके चलते प्रशासन ने घाटों के किनारे सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया है। भागीरथी का जलस्तर बढ़ने से भागीरथ शिला और आरती स्थल भी जलमग्न हो गए हैं। वहीं, अतिवृष्टि के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में बाधित सड़कों को खोलने का प्रयास जारी है।

## पेरिस ओलंपिक

भारतीय हॉकी टीम ने ग्रेट ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4–2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। 60 मिनट तक चले इस नॉकआउट मैच 1–1 से बराबरी होने पर मैच पेनल्टी शूटआउट की तरफ चला गया। पूरे 60 मिनट दोनों ही टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। भारतीय हॉकी टीम ने क्वार्टर फाइनल मैच में इंग्लैंड को हराकर लगातार दूसरी बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। टोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में भी भारत ने इंग्लैंड को हराया था।